SBI card

सबसे महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें

एसबीआई कार्ड - सबसे महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें

1. *शुल्क एवं प्रभार

क. वार्षिक शुल्क और नवीनीकरण शुल्क

एसबीआई क्रेडिट कार्ड (एसबीआई कार्ड) पर वार्षिक शुल्क और नवीनीकरण शुल्क लागू होता है। वार्षिक शुल्क एक बार लगाया जाता है जो ₹0 से ₹9,999 के बीच + लागू कर होता है और नवीनीकरण शुल्क हर साल लगाया जाता है जो ₹0 से ₹9,999 के बीच + लागू कर होता है। ये शुल्क कार्डधारक से कार्डधारक और विभिन्न प्रकार के कार्ड के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। कार्डधारक को क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते समय शुल्क के बारे में सूचित किया जाएगा। ये शुल्क, जो भी लागू हो, सीधे कार्डधारक के खाते से लिया जाता है और जिस महीने में लिया जा रहा है उसी महीने के कार्ड विवरण में प्रदर्शित किया जाता है। प्राथमिक कार्डधारक को जारी किए गए अतिरिक्त कार्ड का शुल्क अलग हो सकता है।

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
ऑरम	9,999	9,999 (पिछले वर्ष में 12 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 15 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड एलीट एडवांटेज	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
टाइटन एसबीआई कार्ड	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड प्राइम एडवांटेज	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
अपोलो एसबीआई कार्ड सलेक्ट	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 3 लाख रुपए या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 3 लाख रुपए या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड माइल्स	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 6 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
डॉक्टर्स एसबीआई कार्ड	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
शौर्य सलेक्ट एसबीआई कार्ड	शून्य	1,499 (पिछले वर्ष में 1.5 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
शौर्य एसबीआई कार्ड	250	250 (पिछले वर्ष में 50,000 या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड पल्स	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
कैशबैक एसबीआई कार्ड	999	999 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
टाटा न्यू प्लस एसबीआई क्रेडिट कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिम्प्लीक्लिक एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिम्प्लीक्लिक एडवांटेज एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिम्प्लीसेव एडवांटेज एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिम्प्लीसेव मर्चेंट एसबीआई कार्ड	शून्य	शून्य
सिम्प्लीसेव यूपीआई एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड उन्नति	शून्य	499 (पाँचवें वर्ष के बाद से)
कृषक उन्नति एसबीआई कार्ड	शून्य	499 (पिछले वर्ष में 30,000 या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एसबीआई कार्ड व्यापार उन्नति	499	499 (पहले 4 वर्ष के लिए मुफ़्त)
एसबीआई कार्ड प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड	1,500	1,500
आदित्य बिरला एसबीआई कार्ड	499	499
आदित्य बिरला एसबीआई कार्ड सलेक्ट	1,499	1,499
एयर इंडिया एसबीआई प्लेटिनम कार्ड	1,499	1,499

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
एयर इंडिया एसबीआई सिग्नेचर कार्ड	4,999	4,999
अपोलो एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
बीपीसीएल एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 50,000 या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
क्लब विस्तारा एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999
क्लब विस्तारा एसबीआई कार्ड	1,499	1,499
दिल्ली मेट्रो एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
एतिहाद गेस्ट एसबीआई कार्ड	1,499	1,499
एतिहाद गेस्ट एसबीआई प्रीमियर कार्ड	4,999	4,999

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
फैबइंडिया एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
फैबइंडिया एसबीआई कार्ड सलेक्ट	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सेंट्रल एसबीआई सेलेक्ट कार्ड	750	750
सेंट्रल एसबीआई सेलेक्ट+ कार्ड	2,999	2,999
एफबीबी एसबीआई स्टाइल-अप कार्ड	499	499
आईआरसीटीसी एसबीआई प्लैटिनम कार्ड	500	500
आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड	500	500
आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड प्रीमियर	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
लाइफ़स्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड, मैक्स एसबीआई कार्ड, स्पार एसबीआई कार्ड	499	499

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
लाइफ़स्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड प्राइम, मैक्स एसबीआई कार्ड प्राइम, स्पार एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999
लाइफ़स्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड सलेक्ट, मैक्स एसबीआई कार्ड सलेक्ट, स्पार एसबीआई कार्ड सलेक्ट	1,499	1,499
नेचर्स बास्केट एसबीआई कार्ड	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
नेचर्स बास्केट एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
ओला मनी एसबीआई कार्ड	शून्य	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
पेटीएम एसबीआई कार्ड	499	499
पेटीएम एसबीआई कार्ड सलेक्ट	1,499	1,499 (पिछले वर्ष में 2 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
रिलायंस एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
रिलायंस एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
टाटा कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
टाटा कार्ड सलेक्ट	2,999	2,999
टाटा क्रोमा कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
टाटा क्रोमा कार्ड सलेक्ट	2,999	2,999
टाटा स्टार कार्ड सलेक्ट	2,999	2,999
टाटा स्टार कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
यात्रा एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिटी यूनियन बैंक एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
सिटी यूनियन बैंक सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
कर्नाटक बैंक एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
कर्नाटक बैंक सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
पीएसबी एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
पीएसबी एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
पीएसबी सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
यूको बैंक सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
यूको बैंक एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
यूको बैंक एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
साउथ इंडियन बैंक एसबीआई प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड	2,999	2,999

क्रेडिट कार्ड का नाम	वार्षिक शुल्क (₹)	नवीनीकरण शुल्क (₹)
साउथ इंडियन बैंक सिम्पलीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
केवीबी एसबीआई सिग्नेचर कार्ड	4,999	4,999
करूर वैश्य बैंक एसबीआई प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड	2,999	2,999
करूर वैश्य बैंक एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
साउथ इंडियन बैंक एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
केवीबी एसबीआई कार्ड एलीट	4,999	4,999 (पिछले वर्ष में 10 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
केवीबी एसबीआई कार्ड प्राइम	2,999	2,999 (पिछले वर्ष में 3 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)
केवीबी सिम्प्लीसेव एसबीआई कार्ड	499	499 (पिछले वर्ष में 1 लाख या उससे अधिक के वार्षिक खर्च पर शुल्क की छूट)

ख. नकद अग्रिम शुल्क

कार्डधारक आपातकालीन स्थिति में घरेलू/अंतरराष्ट्रीय एटीएम से नकदी प्राप्त करने के लिए कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। ऐसी सभी निकासी पर एक लेन-देन शुल्क लगाया जाएगा और कार्डधारक को अगले विवरण में उल्लिखित किया जाएगा। लेन-देन शुल्क, घरेलू एटीएम पर 2.5% या ₹500 जो भी अधिक हो और अंतरराष्ट्रीय एटीएम पर 2.5% या ₹500 जो भी अधिक हो, लगाया जाएगा। ट्रांज़ेक्शन शुल्क, एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड, एसबीआईसीपीएसएल (जिसे पूर्व में एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के विवेकानुसार परिवर्तन के अधीन है। सभी नकद अग्रिम पर एक वित्त प्रभार शुल्क भी लगाया जाएगा, जो निकासी की तारीख से पूर्ण भुगतान की तारीख तक के लिए परिक्रामी जमा पर लागू प्रभारों (कृपया शुल्क की अनुसूची देखें) के बराबर होगा।

ग. नकद भुगतान शुल्क

कार्डधारक, चुनिंदा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखाओं में पे-इन स्लिप पर अपने क्रेडिट कार्ड नंबर और राशि का उल्लेख कर उसे शाखा काउंटर पर जमा करके अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड बकाया का भुगतान कर सकते हैं। कार्डधारक को तत्काल भुगतान स्वीकृति रसीद प्रदान की जाएगी। यह सुविधा ₹250 + लागू कर के सेवा शुल्क पर उपलब्ध है। केवीबी एसबीआई कार्डधारक अपने क्रेडिट कार्ड बकाया का भुगतान करूर वैश्य बैंक (केवीबी) की चुनिंदा शाखाओं में भी कर सकते हैं। करूर वैश्य बैंक शाखाओं में किए गए भुगतान पर कोई शुल्क लागू नहीं है।

घ. प्रभार

i. कार्डधारक को एसबीआईसीपीएसएल प्रदत विशेष सेवाओं के लिए या अपने कार्ड खाते के संबंध में कार्डधारक द्वारा की गई चूक के लिए, समय-समय पर लागू प्रभार और शुल्क, कार्डधारक द्वारा वहन किए जाएंगे।

ii. एसबीआईसीपीएसएल समय-समय पर, कार्डधारकों को नियत सूचना देकर, किसी भी प्रभार या शुल्क में परिवर्तन करने या कोई नया शुल्क या प्रभार लागू करने, जो भी वह उचित समझे, का अधिकार रखता है।

ङ. 'ब्याज मुक्त ऋण अवधि'

'ब्याज मुक्त ऋण अवधि' 20 से 50 दिनों तक की हो सकती है, जो मर्चेंट द्वारा दावा

प्रस्तुत करने पर निर्भर करती है। हालांकि, यदि पिछले महीने के बिल का कोई भी शेष बकाया है, तो 'ब्याज मुक्त ऋण अवधि' निलंबित कर दी जाती है। नकद अग्रिम के लिए, ट्रांज़ेक्शन की तारीख से लेकर भुगतान की तारीख तक ब्याज लगाया जाता है।

च. वित्त प्रभार

कार्डधारक द्वारा अपनी शेष राशि का पूर्ण भुगतान न करने की स्थिति में, ईएमआई की नहीं चुकाई गई किश्तों सहित सभी लेन-देन पर और कार्डधारक द्वारा उठाए गए सभी नकद अग्रिमों पर, वित्त प्रभार शुल्क लेन-देन की तारीख से पूर्ण भुगतान की तारीख तक मासिक ब्याज की दर पर देय होंगे।

यदि कार्डधारक देय तारीख (PDD) से पहले कुल देय रकम (TAD) का कुछ हिस्सा या कोई भी भुगतान नहीं करता है; अर्थात उपभोक्ता के पास पिछले महीने से बकाया राशि है और वर्तमान महीने में कुल देय रकम का भुगतान देय तारीख से पहले किया जाता है तो वित्त प्रभार भुगतान की तारीख तक अंतिम शेष पर लगाया जाएगा।

वित्त प्रभार की वर्तमान दर लेन-देन की तारीख से प्रति माह 3.75% [प्रतिवर्ष 45%] तक है और यह एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआईसीपीएसएल) के विवेकानुसार परिवर्तन के अधीन है। वित्त प्रभार, यदि देय हो, तो, लागू करों सहित वसूली की जाती है और कार्डधारक के खाते से डेबिट किए जाते हैं, जब तक कि कार्ड पर बकाया राशि का पूरी तरह से भुगतान न हो जाए। कार्डधारक द्वारा भुगतान देय तारीख के भीतर पूरी तरह से उसकी बकाया राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में सभी लेन-देन और कार्डधारक द्वारा लिए गए सभी नकद अग्रिमों पर लगाए गए वित्त प्रभार शुल्क की न्यूनतम राशि, लागू करों सहित ₹25 होगी।

क. नकद अग्रिम पर वित्तीय प्रभार लेन-देन की तारीख से लेकर पूर्ण भुगतान करने तक वसूला जाता है।

उदाहरण 1: - कार्ड विवरण की तारीख - प्रत्येक माह की 15 तारीख।

16 जून 2019 से - 15 जुलाई 2019 के बीच के लेन-देन

1. ₹5,000 की खुदरा खरीद - 20 जून 2019 को
2. ₹7,000 की नकद निकासी - 10 जुलाई 2019 को

यह मानते हुए कि 15 जून 2019 के विवरण से पिछला शेष आगे नहीं लाया गया है,

कार्डधारक को उसकी 15 जुलाई की विवरण में ₹12,000 के लेन-देन के विवरण के साथ ₹7,000 के नकद निकासी पर लागू 5 दिनों के वित्त प्रभार दिखाया जाएगा। कार्डधारक को 5 अगस्त 2019 तक बकाया राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात विवरण की तारीख से 20 दिन के अंदर, पूरी राशि या न्यूनतम देय राशि के बीच कुछ भी। कृपया ध्यान दें कि आपके क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि के लिए किए गए भुगतान को इस क्रम में समायोजित किया जाएगा: 100% जीएसटी, 100% ईएमआई राशि, 100% शुल्क / प्रभार, 100% वित्त प्रभार, खुदरा व्यय और नकद अग्रिम। वित्तीय प्रभार पिछली विवरण की तारीख से लगाया जाएगा, ब्याज-रहित बकाया खुदरा शेष को छोड़कर, जहां वित्तीय प्रभार लेन-देन की तारीख से लगाया जाता है।

यदि बकाया विवरण में कोई नकद शेष न हो और न ही पिछली विवरण कि कोई राशि शामिल हो और विवरण की तारीख पर खुदरा बकाया राशि का भुगतान देय तारीख तक पूरा कर दिया गया हो, तो ऐसी शेष राशि पर कोई भी वित्तीय प्रभार नहीं लगाया जाता है।

उदाहरण 2: - कार्ड विवरण की तारीख - प्रत्येक माह की 2 तारीख।

3 जनवरी 2019 - 2 फ़रवरी 2019 के बीच किए गए लेन-देन

1. ₹10,000 की खुदरा खरीद - 5 जनवरी 2019 को
2. ₹30,000 की ऑनलाइन खरीद - 15 जनवरी 2019 को

मान लिया जाए कि 2 जनवरी 2019 की विवरण से कोई पिछला शेष आगे नहीं लाया गया है, कार्डधारक को अपने 2 फ़रवरी की विवरण में ₹40,000 का लेन-देन दिखाई देगा। कार्डधारक को 22 फ़रवरी 2019 तक की देय राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात विवरण की तारीख से 20 दिन तक, पूरी राशि या न्यूनतम देय राशि के बीच कुछ भी। यदि विवरण में कोई नकद शेष देय न हो और किसी पिछली विवरण से आगे नहीं लाया गया हो और विवरण की तारीख पर देय खुदरा राशि का भुगतान देय तारीख तक पूरा कर दिया गया हो, तो ऐसी शेष राशि पर कोई भी वित्तीय प्रभार नहीं लगाया जाता है।

हर महीने केवल न्यूनतम भुगतान करने के परिणाम स्वरूप पुनर्भुगतान वर्षों तक चलेगा, आपकी बकाया राशि पर ब्याज के साथ। उदाहरण के लिए ₹5,000 पर लेन-देन के लिए एक सौदे पर हर महीने न्यूनतम देय राशि का भुगतान किया जाता है (हर महीने न्यूनतम राशि ₹200 होने पर), तो पूरी बकाया राशि का पूरा भुगतान करने के लिए 44 महीने

तक का समय लग जाएगा।

उदाहरण 3: - कार्ड विवरण की तारीख - प्रत्येक माह की 2 तारीख।

3 मार्च 2019 -2 अप्रैल 2019 के बीच किए गए लेन-देन

(1) वार्षिक शुल्क ₹500 - 5 मार्च 2019 को

(2) ₹90 का लागू कर - 5 मार्च 2019 को

(3) ₹6,000 की ऑनलाइन खरीद - 15 मार्च 2019 को

मान लिया जाए कि पिछली 2 मार्च 2019 की विवरण से कोई शेष राशि आगे नहीं लाई गई है, कार्डधारक को अपने 2 अप्रैल की विवरण में ₹6,590 का लेन-देन दिखाई देगा। कार्डधारक को 22 अप्रैल 2019 तक की देय राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात विवरण की तारीख से 20 दिन में, पूरी राशि या न्यूनतम देय राशि के बीच कुछ भी।

मान लिया जाए कि कार्डधारक 22 अप्रैल 2019 को न्यूनतम देय राशि ₹890, (₹6000 (खुदरा व्यय) का 5%) + ₹90 (कुल जीएसटी) + ₹500 (शुल्क/प्रभार का 100%), निकटम दशमलव बिंदु तक पूर्णांकित का भुगतान करता है, तो वित्तीय प्रभार, प्रभावी दर से लगाया जाएगा और कुल बकाया राशि में जोड़ा जाएगा।

चूंकि न्यूनतम देय राशि का भुगतान किया गया है, फिर भी पिछले महीने के बिल का शेष बकाया है, इसलिए 'ब्याज मुक्त ऋण अवधि' निलंबित कर दी गई है। प्रभावी दर 3.75% प्रति माह को ध्यान में रखते हुए वित्तीय प्रभार की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

₹6,000 की शेष राशि पर (15 मार्च से 22 अप्रैल तक) 38 दिन के लिए:

(3.75*12)*(38/365)*6000/100= ₹281.10

₹5,700 की शेष राशि पर (22 अप्रैल से 2 मई तक) 11 दिन के लिए:

(3.75∗12)∗(11/365)∗5700/100= ₹77.30

लगाया गया कुल ब्याज = ₹358.40

यह मानते हुए कि कार्डधारक 3 अप्रैल 2019 से 2 मई 2019 के बीच कोई लेन-देन नहीं करता है, तो बकाया खरीद राशि का योग, ब्याज प्रभार, शुल्क और प्रभार, यदि कोई हो और सभी लागू कर दिनांक 2 मई की विवरण में कुल देय राशि के रूप में प्रतिबिंबित होगा।

यदि कार्डधारक भुगतान देय तारीख (PDD) से पहले कुल देय (TAD) राशि का आंशिक या कोई भुगतान नहीं करता है; अर्थात ग्राहक के पास पिछले महीनों से बकाया राशि है और चालू माह में भुगतान देय तारीख से पहले देय कुल राशि का पूरा भुगतान किया

जाता है, फिर भुगतान तारीख तक समापन शेष पर वित्त शुल्क लगाया जाएगा।

उदाहरण 4: कार्ड के विवरण की तारीख - प्रत्येक महीने की 2 तारीख।

3 दिसंबर 2018 - 2 जनवरी 2019 के बीच किए गए लेन-देन

1. ₹500 की खुदरा खरीदारी - 15 दिसंबर 2018 को
2. ₹600 की ऑनलाइन खरीदारी -20 दिसंबर 2018 को

यह मानते हुए कि 2 दिसंबर 2018 के विवरण से कोई शेष राशि आगे नहीं ले जायी गयी है, तो कार्डधारक को अपने 2 जनवरी के विवरण में ₹1100 का लेन-देन और कुल देय राशि दर्शाते हुए विवरण की प्राप्ति होगी। कार्डधारक को बकाया राशि का भुगतान विवरण की तारीख से अगले 20 दिन में पूरी रकम राशि या न्यूनतम देय राशि में से किसी एक का भुगतान 22 जनवरी 2019 तक करना होगा।

यह मानते हुए कि कार्डधारक ने ₹500 की आंशिक राशि का भुगतान 22 जनवरी 2019 को किया है, वित्तीय शुल्क प्रभावी दर से लगाया जाएगा और पूरी बकाया राशि में जोड़ा जाएगा। 3.75 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से प्रभावी दर को मद्देनजर रखते हुए, वित्तीय प्रभार की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

₹500 की शेष राशि पर (15 दिसंबर से 22 जनवरी तक) 38 दिनों के लिए:

(3.75*12)*(38/365)*500/100 = ₹23.42

₹600 की शेष राशि पर (20 दिसंबर से 22 जनवरी तक) 33 दिनों के लिए:

(3.75*12)*(33/365)*600/100 = ₹24.41

₹600 की शेष राशि पर (22 जनवरी से 2 फरवरी तक) 12 दिनों के लिए:

(3.75*12)*(12/365)*600/100 = ₹8.88

कुल ब्याज: ₹56.71

3 फरवरी 2019 - 2 मार्च 2019 के बीच किए गए लेन-देन

1) ₹656.71 की आरंभिक जमा राशि - 3 फरवरी 2019 को
2) ₹1,000 रूपये की खुदरा खरीदारी - 5 फरवरी 2019 को
3) ₹3,000 रूपये की ऑनलाइन खरीदारी - 15 फरवरी 2019 को

यह मानते हुए कि ₹656.71 की पिछली जमा राशि 2 फरवरी 2019 के विवरण से आगे भेजी गई है, कार्डधारक को बकाया राशि का भुगतान विवरण की तारीख से अगले 20 दिन में, पूरी राशि या न्यूनतम बकाया राशि में से किसी एक का भुगतान 22 फरवरी 2019 तक करना होगा।

यह मानते हुए कि कार्डधारक ने 15 फरवरी तक पूरी राशि का भुगतान देय तारीख के अंदर कर दिया है तो 3.75 प्रतिशत प्रतिमाह की प्रभावी दर को मद्देनजर रखते हुए

वित्तीय प्रभार की गणना निम्नानुसार की जाएगी:
₹656.71 की शेष राशि पर (3 फरवरी -15 फरवरी) 12 दिनों के लिए:
(3.75*12)*(12/365)*656.71/100 = ₹9.72
कुल ब्याज = ₹9.72
खरीददारी की बकाया राशि, ब्याज प्रभार, शुल्क और प्रभार, अगर है और सभी लगने वाले कर 2 मार्च के विवरण में कुल बकाया राशि में दर्शाए जाएंगे।

छ. न्यूनतम देय राशि की गणना करने की परिभाषा

न्यूनतम देय राशि - कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + 100% शुल्क/प्रभार + 5% [वित्त प्रभार (यदि कोई हो), खुदरा व्यय और नकद अग्रिम (यदि कोई हो)] + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो)।

यदि (वित्त प्रभार + खुदरा व्यय + नकद अग्रिम) का 5% वित्त प्रभार से कम है तो न्यूनतम देय राशि की गणना इस प्रकार की जाएगी: कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + शुल्क / प्रभार का 100% + वित्त प्रभार का 100% + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो)

कार्डधारक की बकाया राशि के लिए प्राप्त भुगतान को निम्नलिखित क्रम में समायोजित किया जाएगा। पहले 100% जीएसटी, फिर 100% ईएमआई राशि समायोजित होगी। इसके बाद 100% शुल्क/प्रभार, 100% वित्त प्रभार, फिर खुदरा खर्च और अंत में नकद अग्रिम का समायोजन किया जाएगा।

15 जुलाई 2025 से, न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना इस प्रकार से होगी: जीएसटी का 100% + ईएमआई राशि का 100% + शुल्क/चार्ज का 100% + फाइनेंस चार्ज का 100% + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो) + शेष बकाया राशि का 2%.

कार्डधारक के बकाया के संबंध में प्राप्त भुगतान को जीएसटी के 100%, ईएमआई राशि का 100%, शुल्क/चार्ज का 100%, फाइनेंस चार्ज का 100%, बैलेंस ट्रांसफर, खुदरा खर्च और कैश एडवांस के संबंध में उसी क्रम में समायोजित किया जाएगा।

कार्डधारक उदाहरण:

कार्डधारक का पहला स्टेटमेंट:

कार्ड स्टेटमेंट की तारीख - हर महीने की 2 तारीख

बिलिंग स्टेटमेंट अवधि - 3 जनवरी 2024 - 2 फरवरी 2024

कुल खुदरा खरीद शेष राशि - रु. 1,34,999.60

वित्त प्रभार - रु. 11,972.18
स्टेटमेंट में शुल्क और प्रभार - रु. 2,700.00
स्टेटमेंट में कुल जीएसटी - रु. 2,640.99

मान लिया जाए कि कार्डधारक इस स्टेटमेंट अवधि के दौरान कोई खर्च नहीं करता है, तो न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:
(वित्त प्रभार + खुदरा खर्च + नकद अग्रिम) का 5% अर्थात (रु. 11,972.18 + रु. 1,34,999.60 + रु. 0) × 5% = रु. 7,348.59। चूंकि (वित्त प्रभार + खुदरा खर्च + नकद अग्रिम) का 5% यानी रु. 7,348.59, वित्त प्रभार रु. 11,972.18 से कम है, इसलिए न्यूनतम देय राशि की गणना इस प्रकार की जाएगी: कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + 100% शुल्क/प्रभार + 100% वित्त प्रभार + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो)। अतः न्यूनतम देय राशि (एमएडी) यह होगी: कुल जीएसटी (रु. 2,640.99) + ईएमआई राशि (रु. 0) + 100% शुल्क/प्रभार (रु. 2,700) + 100% वित्त प्रभार (रु. 11,972.18) + ओवरलिमिट राशि (रु. 0) = रु. 17,313.17
चक्र 1 के लिए न्यूनतम देय राशि रु. 17,313.17 है। मान लिया जाए कि कार्डधारक देय तिथि से पहले पूर्ण न्यूनतम देय राशि रु. 17,313.17 का भुगतान करता है, तो प्राप्त भुगतान को बकाया राशि के लिए, निम्नलिखित भुगतान आवंटन श्रेणीक्रम के अनुसार समायोजित किया जाएगा:

- सबसे पहले रु. 2,641 का जीएसटी समायोजित होगा। - (रु. 17,313.17 - रु. 2,641 = रु. 14,672.17)
- इसके बाद ₹2,700 का शुल्क/प्रभार समायोजित होगा। - (रु. 14,672.17 - रु. 2,700 = रु. 11,972.17)
- शेष भुगतान रु. 11,972.18 को वित्त प्रभार के लिए समायोजित किया जाएगा।

कार्डधारक का दूसरा स्टेटमेंट:
कार्ड स्टेटमेंट तारीख - हर महीने की 2 तारीख
बिलिंग स्टेटमेंट अवधि - 3 फरवरी 2024 - 2 मार्च 2024
कुल खुदरा खरीद शेष राशि - रु. 1,34,999.60
खुदरा खरीद - रु. 10,000

वित्त शुल्क - रु. 5,425.25

स्टेटमेंट में शुल्क और प्रभार - रु. 0

स्टेटमेंट में कुल जीएसटी - रु. 976.55

न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना निम्नानुसार की जाएगी: (वित्त प्रभार + खुदरा खर्च + नकद अग्रिम) का 5%, अर्थात् (रु. 5,425.25 + रु. 1,44,999.60 + रु. 0) का 5% = रु.7521.24. चूंकि (वित्त प्रभार + खुदरा खर्च + नकद अग्रिम) का 5%, यानी रु. 7,521.24, वित्त प्रभार रु. 5,425.25 से अधिक है, इसलिए न्यूनतम देय राशि की गणना इस प्रकार की जाएगी: कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + 100% शुल्क/प्रभार + 5% [वित्त प्रभार (यदि कोई हो) + खुदरा खर्च और नकद अग्रिम (यदि कोई हो)] + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो)। अतः न्यूनतम देय राशि (एमएडी) होगी: कुल जीएसटी (रु. 976.55) + ईएमआई राशि (रु. 0) + 100% शुल्क/प्रभार (रु. 0) + 5% [वित्त प्रभार (रु. 5,425.25) + खुदरा खर्च (रु. 1,44,999.60)] + ओवरलिमिट राशि (रु. 0) = रु. 8,497.79। चक्र 2 के लिए न्यूनतम देय राशि रु. 8,497.79 रुपये है।

मान लिया जाए कि कार्डधारक भुगतान की देय तिथि से पहले या उसी दिन रु. 8,497.79 का पूरा एमएडी भुगतान करता है, प्राप्त भुगतान को बकाया राशि के लिए, निम्नलिखित भुगतान आवंटन श्रेणीक्रम के अनुसार समायोजित किया जाएगा:

- पहले रु. 976.55 का जीएसटी समायोजित होगा। - (रु. 8,497.79 - रु. 976.55 = रु. 7,521.24)
- इसके बाद रु. 5,425.25.18 का वित्त प्रभार आवंटित किया जाएगा - (रु. 7,521.24 - रु. 5,425.25 = रु. 2,095.99)।

शेष रु. 2,095.99 राशि खुदरा बकाया के लिए समायोजित की जाएगी।

संशोधित एमएडी गणना का उदाहरण (15 जुलाई 2025 से प्रभावी) कार्डधारक का पहला विवरण:

कार्ड विवरण तिथि - प्रत्येक माह की 2 तारीख

बिलिंग विवरण अवधि - 3 अक्टूबर 2024 - 2 नवंबर 2024

कुल खुदरा खरीद शेष - 1,34,999.60 रुपए

फाइनेंस चार्ज - 11,972.18 रुपए

विवरण में शुल्क और चार्ज - 2,700.00 रुपए

विवरण में कुल जीएसटी - 2,640.99 रुपए

मान लें कि कार्डधारक विवरण अवधि के दौरान कोई खर्च से जुड़ा लेनदेन नहीं करता है, तो न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना नीचे दिए अनुसार की जाएगी:

जीएसटी का 100% यानी 2,640.99 रुपए + ईएमआई राशि का 100% यानी 0 रुपए + शुल्क/चार्ज का 100% यानी 2,700 रुपए + वित्त शुल्क का 100% यानी 11,972.18 रुपए + ओवरलिमिट राशि यानी 0 रुपए + बकाया शेष राशि का 2% यानी (1,34,999.60) का 2% = 20,013.16 रुपए

मान लें कि कार्डधारक न्यूनतम देय राशि (एमएडी) का पूरा भुगतान करता है यानी भुगतान की नियत तिथि से पहले 20,013.16 रुपए का भुगतान करता है, तो प्राप्त भुगतान को भुगतान आवंटन पदानुक्रम के अनुसार बकाया राशि के संबंध में आवंटित किया जाएगा:

- 2,640.99 रुपए का जीएसटी पहले आवंटित किया जाएगा (20,013.16 रुपए-2,640.99 रुपए = 17,372.17 रुपए)।
- इसके बाद 2,700 रुपए का शुल्क/चार्ज (14,672.18 रुपए - 2,700 रुपए = 14,672.17 रुपए)।
- इसके बाद 11,972.18 रुपए का फाइनेंस चार्ज (14,672.17 रुपए - 11,972.18 रुपए = 2,699.99 रुपए)।
- 2,699.99 रुपए का शेष भुगतान शेष बकाया राशि के संबंध में आवंटित किया जाएगा।

कार्डधारक का दूसरा विवरण:

कार्ड विवरण की तिथि - हर महीने की 2 तारीख

बिलिंग विवरण की अवधि - 3 नवंबर 2024 - 2 दिसंबर 2024

शुरुआती खरीद शेष - 1,34,999.60 रुपए

खुदरा खरीद - 10,000 रुपए

फाइनेंस चार्ज - 5,425.25 रुपए

स्टेटमेंट में शुल्क और प्रभार - 0 रुपए

विवरण में कुल जीएसटी - 976.55 रुपए

न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना नीचे दिए अनुसार की जाएगी:

जीएसटी का 100% यानी 976.55 रुपए + ईएमआई राशि का 100% यानी 0 रुपए + शुल्क/चार्ज का 100% यानी 0 रुपए + फाइनेंस चार्ज का 100% यानी 5,425.25 रुपए + ओवरलिमिट राशि यानी 0 रुपए + बकाया शेष राशि का 2% यानी (1,34,999.60+10,000) का 2% = 9,301.79 रुपए

यह मानते हुए कि कार्डधारक न्यूनतम देय राशि यानी 9,301.79 रुपए के पूरे भुगतान को भुगतान की तिथि से पहले या उसी दिन कर देता है, प्राप्त भुगतान को भुगतान आवंटन पदानुक्रम के अनुसार बकाया राशि के संबंध आवंटित किया जाएगा:

- 976.55 रुपए का जीएसटी पहले आवंटित किया जाएगा (9,301.79 रुपए - 976.55 रुपए = 8,325.24 रुपए)

- इसके बाद 5,425.25 रुपए (8,325.24 रुपए - 5,425.25 रुपए = 2,899.99 रुपए) का फाइनेंस चार्ज आवंटित किया जाएगा।

- शेष बकाया राशि के संबंध में 2,899.99 रुपए का शेष भुगतान आवंटित किया जाएगा।

ज. विलंबित भुगतान शुल्क

- **₹ 0 से ₹ 500 तक की बकाया देय राशि के लिए शून्य**

  ₹500 से अधिक और ₹1,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹400
- **₹1,000 से अधिक और ₹10,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹750**
- **₹10,000 से अधिक और ₹25,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹950**
- **₹25,000 से अधिक और ₹50,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹1,100**
- **₹50,000 से अधिक की बकाया देय राशि के लिए ₹1,300**

लगातार दो बार देय तिथि तक न्यूनतम देय राशि (MAD) का भुगतान न किए जाने पर ₹100 का अतिरिक्त विलंबित भुगतान शुल्क लिया जाएगा।

यह शुल्क प्रत्येक भुगतान चक्र के लिए तब तक लगाया जाता रहेगा जब तक कि MAD का भुगतान नहीं हो जाता।

उदाहरण 1: कार्ड विवरण तिथि - प्रत्येक महीने की 2 तारीख।

3 जनवरी 2016 से 2 फरवरी 2016 के बीच किए गए लेन-देन

(1) ₹5,000 की खुदरा खरीद - 5 जनवरी 2016 को

(2) ₹5,000 की ऑनलाइन खरीद - 15 जनवरी 2016 को

मान लिया जाए कि 2 जनवरी 2016 की विवरण से कोई पिछला शेष आगे नहीं लाया गया है, कार्डधारक को अपने 2 फरवरी की विवरण में ₹10,000 का लेन-देन दिखाई देगा। कार्डधारक को 22 फरवरी 2019 तक बकाया राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात विवरण की तारीख से 20 दिन में पूरी राशि या न्यूनतम देय राशि के बीच कुछ भी।

यदि कार्डधारक न्यूनतम देय राशि या अधिक का भुगतान 22 फरवरी 2016 तक नहीं करता है, तो उसे ₹750 की विलंबित भुगतान शुल्क का भुगतान करना होगा। (₹1,000 से अधिक और ₹10,000 तक के लिए ₹750)।

उदाहरण 2: - कार्ड विवरण तारीख - प्रत्येक माह की 2 तारीख।

3 फरवरी 2016 - 2 मार्च 2016 के बीच किए गए लेन-देन

1. ₹2,000 की खुदरा खरीदारी - 8 फरवरी 2016 को
2. ₹2,500 की ऑनलाइन खरीदारी - 19 फरवरी 2016 को

मान लिया जाए कि 2 फरवरी 2016 की विवरण से कोई पिछला शेष आगे नहीं लाया गया है, कार्डधारक को अपने 2 मार्च की विवरण में ₹4,500 का लेन-देन दिखाई देगा। कार्डधारक को 22 मार्च 2016 तक देय राशि का भुगतान करना होगा, यानि विवरण की तारीख से 20 दिन में पूरी राशि या न्यूनतम देय राशि के बीच कुछ भी।

यदि कार्डधारक न्यूनतम देय राशि या अधिक का भुगतान 22 मार्च 2016 तक नहीं करता है, तो उसे ₹750 विलंब भुगतान शुल्क का भुगतान करना होगा। (₹1000 से अधिक और ₹10,000 तक के लिए ₹750)।

उदाहरण 3: कार्ड विवरण की तारीख - प्रत्येक माह की 2 तारीख।

3 सितंबर - 2 अक्टूबर के बीच किए गए लेन-देन

(1) ₹9,400 की खुदरा खरीदारी - 5 सितंबर को

मान लिया जाए कि 2 सितंबर के विवरण से कोई राशि बकाया नहीं है, तो कार्डधारक को अपने 2 अक्टूबर के विवरण में ₹9,400 की कुल देय राशि दिखाई देगी।

कार्डधारक को 22 अक्टूबर तक, यानी विवरण की तारीख से 20 दिनों के अंदर, बकाया राशि का भुगतान करना होगा। यह भुगतान न्यूनतम देय राशि या बकाया राशि के बीच किसी भी राशि का हो सकता है। कार्डधारक 22 अक्टूबर को या उससे पहले ₹9,400 की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कर देता है।

3 अक्टूबर- 2 नवंबर के बीच किए गए लेन-देन

(1) ₹5,000 की खुदरा खरीदारी - 5 अक्टूबर को

(2) ₹5,000 की ऑनलाइन खरीदारी - 15 अक्टूबर को

कार्डधारक को अपने 2 नवंबर के विवरण में ₹10,000 की कुल बकाया राशि दिखाई देगी। पिछले विवरण चक्र में किए गए लेन-देन के लिए ग्राहक को 10 नवंबर को मर्चेंट की ओर से ₹9,400 का रिफ़ंड मिलता है। रिफ़ंड की इस राशि को कुल देय राशि में से समायोजित किया जाएगा। कार्डधारक को 22 नवंबर तक या उससे पहले, यानी विवरण की तारीख से 20 दिनों के अंदर, बकाया राशि का भुगतान करना होगा। यह भुगतान न्यूनतम देय राशि या बकाया राशि के बीच किसी भी राशि का हो सकता है। चूंकि रिफंड से मिलने वाली राशि न्यूनतम बकाया राशि से अधिक है, इसलिए कार्डधारक से विलंबित भुगतान शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उदाहरण 4: कार्ड विवरण की तारीख - प्रत्येक माह की 2 तारीख

3 जनवरी - 2 फ़रवरी के बीच किए गए लेन-देन

(1) ₹4,500 की खुदरा खरीदारी - 5 जनवरी को

(2) ₹6,000 की ऑनलाइन खरीदारी - 15 जनवरी को

कार्डधारक को अपने 2 फ़रवरी के विवरण में ₹10,500 की कुल बकाया राशि दिखाई देगी। पिछले चक्र में लगाया गया ₹500 का भुगतान अनादरण शुल्क ग्राहक को 10 फ़रवरी को रिफंड के रूप में मिलता है। कार्डधारक को 22 फ़रवरी तक, यानी विवरण की तारीख से 20 दिनों के अंदर, बकाया राशि का भुगतान करना होगा। यह भुगतान न्यूनतम देय राशि या बकाया राशि के बीच किसी भी राशि का हो सकता है। एसबीआई कार्ड द्वारा किए गए रिवर्सल के कारण कार्ड अकाउंट में क्रेडिट होने वाली राशि को देय राशि से समायोजित नहीं किया जायेगा। अगर कार्डधारक 22 फ़रवरी या उससे पहले न्यूनतम देय राशि या उससे अधिक का भुगतान नहीं करता है तो उस पर ₹950 का विलंबित भुगतान शुल्क (₹10,000 से अधिक और ₹25,000 तक की बकाया राशि के लिए ₹950) लगाया जाएगा।

झ. सीमा से अधिक खर्च (ओवर लिमिट) का शुल्क

आंतरिक नीति, लेनदेन के संदर्भ में पात्रता, ग्राहक प्रोफ़ाइल तथा ग्राहक की सहमति के आधार पर, एसबीआई कार्ड, सेवा भाव के रूप में, क्रेडिट लिमिट से अधिक के लेनदेन (ओवरलिमिट ट्रांजेक्शन) को मंजूरी दे सकता है। यदि बकाया राशि क्रेडिट लिमिट से अधिक है, तो क्रेडिट लिमिट से अधिक की ओवरलिमिट राशि के 2.5% के बराबर या ₹600, जो भी अधिक हो, का ओवरलिमिट शुल्क लगाया जाएगा। ओवरलिमिट शुल्क प्रत्येक बिलिंग चक्र में केवल एक बार लगाया जाएगा। कृपया ध्यान दें, कार्डधारक द्वारा अपने क्रेडिट कार्ड पर ओवरलिमिट सुविधा के लिए सहमति देने के बाद उस खाते के

अंतर्गत आने वाले कार्डधारक के सभी क्रेडिट कार्ड्स पर यह सुविधा स्वतः ही शुरू हो जाएगी। लेन-देन के रिवर्सल/रद्दीकरण/रिफंड के मामले में ओवरलिमिट शुल्क वापस नहीं की जाएगी।

ञ. अस्वीकृत भुगतान शुल्क

कोई भुगतान अस्वीकृत होने पर, कार्डधारक द्वारा भुगतान की गई राशि का 2%, न्यूनतम ₹500 अस्वीकृत भुगतान शुल्क देय होगा।

ठ. यूटिलिटी भुगतान शुल्क:

यदि किसी बिलिंग चक्र में सभी यूटिलिटी बिल भुगतान (बिजली, पानी, टेलीफोन, इत्यादि) की कुल राशि 50,000 रुपये से अधिक होती है, तो उस बिलिंग चक्र में किए गए यूटिलिटी भुगतानों की कुल राशि पर 1% का यूटिलिटी भुगतान शुल्क लगाया जाएगा। सभी गणनाएँ लेनदेन की प्रभावी तारीख के आधार पर होंगी। यूटिलिटी भुगतानों की पहचान सर्वश्रेष्ठ प्रयास आधार पर मर्चेंट केटेगरी कोड (एमसीसी) 4900 के अंतर्गत होगी। एमसीसी को नेटवर्क भागीदारों द्वारा परिभाषित किया जाता है और वे उनके विवेकानुसार परिवर्तन के अधीन होते हैं। ऐसे परिवर्तन नेटवर्क द्वारा सूचना के आधार पर किये जाएंगे और ग्राहकों को इस संबंध में सूचित किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

उदाहरण:

कार्ड विवरण दिनांक - हर महीने की 1 तारीख।

2 अक्टूबर 2024 - 01 नवंबर 2024 के बीच किए गए लेनदेन

1. 20,000 रुपये का यूटिलिटी भुगतान - 10 अक्टूबर 2024 को
2. 20,000 रुपये का यूटिलिटी भुगतान - 19 अक्टूबर 2024 को
3. 24,000 रुपये का यूटिलिटी भुगतान - 20 अक्टूबर 2024 को

यह मानते हुए कि 1 अक्टूबर 2024 के विवरण से कोई बकाया राशि नहीं है, कार्डधारक को1 नवंबर 2024 के विवरण में बिल की राशि 64,000 रुपये दिखाई जाएगी। यूटिलिटी भुगतान शुल्क 64,000 रुपये (यूटिलिटी भुगतानों की कुल राशि) का 1%, अर्थात 640 रुपये होगा।

ड. अन्य प्रभार:

- कार्ड रिप्लेसमेंट शुल्क: ₹100/- - ₹250/- (ऑरम के लिए ₹1,500/-)
- चेक भुगतान शुल्क: ₹100
- विदेशी मुद्रा ट्रांज़ेक्शन शुल्क: 3.5% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट/माइल्स प्राइम/माइल्स को छोड़कर सभी कार्डों के लिए), एसबीआई कार्ड माइल्स के लिए 3%, एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम के लिए 2.5% और 1.99% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड और एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट के लिए)। विदेशी मुद्रा ट्रांज़ेक्शन को भारतीय रुपये में बदलने के लिए उपयोग की जाने वाली विनिमय दर नेटवर्क (वीज़ा/मास्टरकार्ड या अन्य) द्वारा इस आधार पर निर्धारित की जाएगी की एसबीआई कार्ड के साथ ट्रांज़ेक्शन निपटान की तारीख पर उनके द्वारा क्या विनिमय दर तय की गयी है। ऐसा संभव है कि ट्रांज़ेक्शन निपटान की तारीख वह न हो जिस दिन ट्रांज़ेक्शन हुआ था। विदेशी मुद्रा ट्रांज़ेक्शन शुल्क नेटवर्क द्वारा साझा की गयी भारतीय रुपये में परिवर्तित राशि पर लागू होगा। ट्रांज़ेक्शन रिफंड की स्थिति में विदेशी मुद्रा ट्रांज़ेक्शन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
- डायनैमिक करेंसी कन्वर्जन शुल्क: 3.5% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट/माइल्स प्राइम/माइल्स को छोड़कर सभी कार्डों के लिए), एसबीआई कार्ड माइल्स के लिए 3%, एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम के लिए 2.5% और 1.99% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड और एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट के लिए), यह शुल्क भारतीय मुद्रा में किए गए ₹1,000 या उससे अधिक राशि के ऐसे ट्रांज़ेक्शन के लिए लागू होता है जो भारत के बाहर या भारत में स्थित लेकिन विदेश में पंजीकृत मर्चेंट के साथ किया गया हो। ट्रांज़ेक्शन रिफंड की स्थिति में डायनैमिक और स्टैटिक करेंसी कन्वर्जन मार्कअप शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
- रिवॉर्ड रिडेम्पशन शुल्क: ₹99. भौतिक उत्पादों, स्टेटमेंट क्रेडिट और उन वाउचर्स पर लागू जो किसी उत्पाद की नियम एवं शर्तों के अनुसार भौतिक रूप से भेजे जाते हैं। (ऑरम को छोड़कर सभी कार्ड्स पर लागू)
- किराए के भुगतान से जुड़े सभी लेन-देन पर प्रोसेसिंग शुल्क**: ₹199. लेन-देन के रिवर्सल/रद्दीकरण/रिफंड के मामले में प्रोसेसिंग शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

ढ. बैलेंस ट्रांसफर:

बैलेंस ट्रांसफ़र ऑफ़र ग्राहक को अन्य बैंक के क्रेडिट कार्ड्स पर बकाया राशि को एसबीआई क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफ़र करने की सुविधा देता है।

	अवधि	ब्याज की दर	महत्वपूर्ण बिंदु
बैलेंस ट्रांसफ़र	60 दिन	0%	बाद की सभी खरीदारियों पर, चाहे वह खुदरा और/या नकद में की गई हों, और अन्य बकाया राशियों पर, अनसिक्योर्ड कार्ड के लिए 3.75% प्रति माह (45% प्रति वर्ष), सिक्योर्ड कार्ड के लिए 2.75% प्रति माह (33% प्रति वर्ष) और शौर्य कार्ड के लिए 2.75% प्रति माह (33% प्रति वर्ष) तक का वित्त शुल्क लगाया जाएगा। इस प्रकार लगाया जाने वाला वित्त शुल्क खरीदारी की तिथि से ही लागू हो जाएगा और उन सभी कार्डधारकों पर लागू होगा जिनके कार्ड अकाउंट में बैलेंस ट्रांसफ़र राशि हो। इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि जिस दिन आपने इस सुविधा का लाभ लिया है, उसके अगले 50 दिनों तक, आपके द्वारा अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड से की गयी किसी भी खुदरा खरीद पर ब्याज-मुक्त अवधि लागू नहीं होगी या अन्यथा उन कार्डधारकों के लिए मान्य नहीं होगी जिनके कार्ड अकाउंट में बैलेंस ट्रांसफ़र राशि हो। ब्याज दर (ROI) के अतिरिक्त, एक वन-टाइम प्रोसेसिंग शुल्क भी कार्डधारक से लिया जायेगा।
	180 दिन	1.7% प्रति माह (20.40% प्रति वर्ष)	

2. *सीमाएँ

कार्ड धारकों के लिए क्रेडिट लिमिट और नकद सीमा आंतरिक एसबीआईसीपीएसएल क्रेडिट मानदंडों के आधार पर आवंटित की जाती है (ऐड-ऑन कार्डधारकों के लिए भी वही सीमा होती है जो प्राथमिक खाता धारकों के लिए है)। कार्डधारक को इन सीमाओं के बारे में कार्ड विवरण के समय में सूचित किया जाता है। कार्डधारक को क्रेडिट लिमिट और नकद सीमा की सूचना हर विवरण में दी जाती है। विवरण बनाते समय उपलब्ध क्रेडिट लिमिट (अर्थात् उपयोग के लिए उपलब्ध क्रेडिट लिमिट) की जानकारी विवरण के एक भाग के रूप में दी जाती है। एसबीआईसीपीएसएल समय-समय पर कार्ड धारक के खाते की समीक्षा करेंगे और आंतरिक मानदंडों के आधार पर कार्डधारक की क्रेडिट लिमिट बढ़ाई या कम की जाती है। अपनी क्रेडिट लिमिट बढ़वाने के इच्छुक कार्डधारक एसबीआईसीपीएसएल को लिख कर और अपनी आय घोषित करने वाले वित्तीय दस्तावेज़ों को उपलब्ध कराकर यह कर सकता है। एसबीआईसीपीएसएल, अपने विवेकाधिकार पर और इस तरह प्रदान किए गए नए दस्तावेजों के आधार पर, कार्डधारक की क्रेडिट लिमिट को बढ़ा सकता है।

3. *बिलिंग और विवरण

क) एसबीआईसीपीएसएल कार्डधारक को एक मासिक विवरण भेजेगा जिसमें कार्डधारक के खाते में पिछली विवरण के बाद से जमा और नामे किए गए लेन-देन दर्शाए जाएंगे, बशर्ते उक्त अवधि के दौरान कार्ड सक्रिय रहा हो। एसबीआईसीपीएसएल, एक पूर्व निर्धारित तारीख पर, कार्ड के खाते में हुए लेन-देन की विवरण या तो अपने रिकॉर्ड में उपलब्ध पते पर डाक से या ईमेल आईडी पर ईमेल के माध्यम से भेजेगा।

ख) क्रेडिट कार्ड धारक को एक परिक्रामी क्रेडिट सुविधा प्रदान करता है। कार्डधारक केवल विवरण पर छपी न्यूनतम देय राशि का भुगतान करने का विकल्प चुन सकता है और इस तरह का भुगतान नियत तारीख, जो आपकी विवरण पर छपी होती है, से पहले किया जाना चाहिए। बकाया राशि बाद की विवरण में ले जाई जा सकती है। कार्डधारक कुल देय राशि या इसका कोई भी भाग या न्यूनतम देय राशि से अधिक कोई भी राशि का भुगतान करने का विकल्प चुन सकता है। कार्डधारक की क्रेडिट लिमिट से अधिक देय राशि के अलावा पिछली विवरण की कोई भी देय न्यूनतम राशि को कार्डधारक की वर्तमान न्यूनतम देय राशि में जोड़ दिया जाएगा।

न्यूनतम देय राशि - कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + 100% शुल्क/प्रभार + 5% [वित्त

प्रभार (यदि कोई हो), खुदरा व्यय और नकद अग्रिम (यदि कोई हो)] + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो)

यदि (वित्त प्रभार + खुदरा व्यय + नकद अग्रिम) का 5% वित्त प्रभार से कम है तो न्यूनतम देय राशि की गणना इस प्रकार की जाएगी: कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + शुल्क / प्रभार का 100% + वित्त प्रभार का 100% + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो) या ₹200 (जो भी अधिक हो)। पिछले विवरणों (स्टेटमेंट्स) की कोई भी बकाया न्यूनतम देय राशि (एमएडी), यदि कोई हो, तो उसे भी वर्तमान न्यूनतम देय राशि (एमएडी) में शामिल किया जाएगा।

ग) कार्ड की बकाया राशि पर किए गए भुगतान की पावती बाद के विवरण में दर्शायी जाती है। इनपुट टैक्स क्रेडिट या कर संबंधी किसी अन्य मामले से संबंधित कोई भी विवाद की सूचना विवरण जारी करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता को दी जाएगी।

घ) कार्डधारक की बकाया राशि के लिए प्राप्त भुगतान को निम्नलिखित क्रम में समायोजित किया जाएगा। पहले 100% जीएसटी, फिर 100% ईएमआई राशि समायोजित होगी। इसके बाद 100% शुल्क/प्रभार, 100% वित्त प्रभार, फिर खुदरा खर्च और अंत में नकद अग्रिम का समायोजन किया जाएगा।

कार्डधारक सही और समय पर सूचना प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे ताकि क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता जीएसटी का पूरा-पूरा अनुपालन कर सके जो क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता द्वारा की गई आपूर्तियों के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त करने के लिए क्रेडिट को सक्षम करेगा। कार्ड जारीकर्ता इनपुट टैक्स क्रेडिट की हानि के लिए या कार्डधारक द्वारा दी गई गलत जानकारी या कार्डधारक द्वारा किसी कार्य या चूक के कारण कार्डधारक को इनपुट टैक्स क्रेडिट करने में होने वाली देरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे।

ङ) कार्ड खाते का भुगतान निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से किया जा सकता है:

www.sbicard.com पर लॉगिन कर और PayNet विकल्प का उपयोग कर नेट बैंकिंग के माध्यम से या अपने एसबीआई एटीएम सह डेबिट कार्ड द्वारा।

विवरण के पिछले भाग में दिए गए डाक के पते पर एक चैक या ड्राफ्ट भेजकर। अपने शहर में या भारतीय स्टेट बैंक की नामित शाखाओं में कहीं भी रखे एसबीआई कार्ड ड्रॉप बॉक्स में चैक या ड्राफ्ट डाल कर।

चैक / ड्राफ्ट "एसबीआई कार्ड संख्या XXXX XXXX XXXX XXXX" को देय होना

चाहिए।

एनएसीएच: चुनिंदा शहरों में नैशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

च) एसबीआई कार्ड बकाया बिल का भुगतान करने के लिए विभिन्न तरीके प्रदान करता है, जो मासिक विवरण के पीछे और एसबीआई कार्ड की वेबसाइट पर दिए गए हैं।

कार्डधारक से प्राप्त अग्रिम राशि को भावी खर्चों के प्रति अग्रिम माना जाएगा, किसी प्रभार/शुल्क के प्रति नहीं।

छ) बिलिंग संबंधी विवाद: जब तक कि कार्डधारक ट्रांज़ैक्शन की तारीख से निम्नलिखित समय-सीमा के भीतर एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड को किसी विसंगति के बारे में सूचित नहीं करते हैं और ये विसंगतियां एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड द्वारा सही पाई जाती हैं, तब तक विवरणों (स्टेटमेंट) की सभी सामग्री को कार्डधारक द्वारा सही और स्वीकृत माना जाएगा:

- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ट्रांज़ैक्शन के लिए (वीज़ा / मास्टरकार्ड / अमेरिकन एक्सप्रेस) - ट्रांज़ैक्शन की तारीख से 90 दिनों के भीतर
- अंतर्राष्ट्रीय ट्रांज़ैक्शन के लिए (रुपे) - ट्रांज़ैक्शन की तारीख से 90 दिनों के भीतर
- घरेलू और यूपीआई ट्रांज़ैक्शन के लिए (रुपे) - ट्रांज़ैक्शन की तारीख से 30 दिनों के भीतर

कार्डधारक से किसी भी विसंगति के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर, एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड अस्थायी आधार पर शुल्क वापस ले सकता है। यदि बाद की जांच पूरी होने पर यह पाया जाता है कि ऐसे शुल्क की देयता कार्डधारक के खाते पर है, तो शुल्क को बाद के विवरण (स्टेटमेंट) में फिर से बहाल कर दिया जाएगा।

ज) ग्राहक शिकायत निवारण: सभी शिकायतें नोडल अधिकारी, पीओ बैग 28, जीपीओ, नई दिल्ली -110001 या ईमेल Nodalofficer@sbicard.com पर भेजी जानी चाहिए।

झ) संपर्क विवरण:

सभी फ़ोन से: 39 02 02 02 (मोबाइल से फ़ोन करते समय अपने शहर का एसटीडी कोड आगे लगाएं) या 1860 180 1290/1860 500 1290/1800 180 1290

एसबीआई रेलवे क्रेडिट कार्ड के लिए: भारत में कहीं से भी एसबीआई रेलवे क्रेडिट कार्ड हेल्पलाइन से संपर्क करें

सभी फ़ोन से: 39 02 12 12 (मोबाइल से फ़ोन करते समय अपने शहर का एसटीडी

कोड आगे लगाएं) या बीएसएनएल/एमटीएनएल से 1800 180 1295/1860 500 1295

पत्र-व्यवहार: डाक भेजेने का पता, प्रबंधक-ग्राहक सेवा, एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड., डीएलएफ इन्फिनिटी टॉवर, टॉवर सी, 12 वीं मंजिल, ब्लॉक 2, बिल्डिंग 3, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम-122002 (हरियाणा) भारत www.sbicard.com या पीओ बैग 28- जीपीओ, नई दिल्ली -110001।

ईमेल के ज़रिये हमसे संपर्क करें - customercare@sbicard.com

गलत तरीके से किसी उत्पाद के बेचे जाने और उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के लिए कार्डधारक इस ईमेल आईडी पर हमसे संपर्क कर सकते हैं - salesgrievance@sbicard.com

कार्डधारक किसी भी विवाद/अनधिकृत लेन-देन की रिपोर्ट हमारे मोबाइल ऐप/वेबसाइट के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, कार्डधारक विवाद/अनधिकृत ट्रांज़ेक्शन रिपोर्ट करने के लिए समर्पित ई-मेल आईडी chargeback@sbicard.com पर हमें लिख सकते हैं।

गलत तरीके से किसी उत्पाद के बेचे जाने और उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के लिए कार्डधारक इस हेल्पलाइन नंबर पर हमें कॉल कर सकते हैं: 080-39356050

ञ) एसबीआई कार्ड द्वारा किसी भी प्रकार के रिवर्सल, जिसमें शुल्क एवं प्रभार भी शामिल है, को देय भुगतान से समायोजित नहीं किया जाएगा और इसे वर्तमान बिलिंग चक्र में क्रेडिट हुई राशि के तौर पर लिया जाएगा।

किसी ऐसे लेन-देन जिसकी प्रभावी तिथि पिछले बिलिंग चक्र में आती है के रिफंड, रिवर्सल या निरस्तीकरण के करण क्रेडिट होने वाली राशि को भुगतान माना जाएगा यदि यह राशि पिछले बिलिंग चक्र की भुगतान देय तिथि से पहले क्रेडिट हो जाती है

किसी ऐसे लेन-देन जिसकी प्रभावी तिथि वर्तमान बिलिंग चक्र में आती है के रिफंड, रिवर्सल या निरस्तीकरण के करण क्रेडिट होने वाली राशि को भुगतान नहीं माना जाएगा, यदि यह राशि पिछले बिलिंग चक्र की भुगतान देय तिथि से पहले क्रेडिट हो जाती है तब भी नहीं

ट) एसएमए और एनपीए

- विशेष उल्लेख खाता ('एसएमए'):

नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन हेतु, एसबीआई कार्ड को खाते में आरंभिक तनाव (इन्सिपीऐंट स्ट्रेस) को पहचानने के लिए 'विशेष उल्लेख खाता' के नाम से एक उप-आस्ति

श्रेणी बनानी होगी। जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है, इस श्रेणी में तीन उप श्रेणियां होंगी। क्रेडिट कार्ड्स को "परिक्रामी सुविधाओं के अलावा अन्य ऋण" की श्रेणी में रखा जाता है।

एसएमए की उप-श्रेणियां:	वर्गीकरण का आधार [मूलधन या ब्याज का भुगतान या कोई अन्य राशि जो पूर्ण या आंशिक रूप से देय हो]
एसएमए - 0:	भुगतान देय तिथि ('PDD') से 30 दिन तक
एसएमए - 1:	PDD से 30 दिन से अधिक और 60 दिन तक
एसएमए - 2:	PDD से 60 दिन से अधिक और 90 दिन तक

एसएमए के वर्गीकरण से संबंधित उदाहरण:

यदि किसी क्रेडिट कार्ड के भुगतान की देय तिथि ('PDD') 31 मार्च 2021 है और न्यूनतम देय राशि ('MAD') इस तिथि से पहले प्राप्त नहीं होती है, तो फिर देय तिथि के बाद खाते का उल्लेख एसएमए - 0 के रूप में किया जाएगा।

यदि खाता PDD से 30 दिन के बाद अर्थात 30 अप्रैल 2021 के बाद भी अतिदेय (ओवरड्यू) रहता है, तो इस खाते को एसएमए - 1 के रूप में अंकित किया जाएगा।

इसी प्रकार, यदि खाता PDD से 60 दिन के बाद भी अर्थात 30 मई 2021 के बाद भी अतिदेय बना रहता है, तो इस खाते को एसएमए - 2 के रूप में टैग किया जाएगा।

- अनर्जक आस्ति ('एनपीए'):

यदि विवरण में वर्णित न्यूनतम देय राशि का PDD से नब्बे (90) दिन के भीतर पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता है, तो क्रेडिट कार्ड खाते को अनर्जक आस्ति ('एनपीए') माना जाएगा। इसके अलावा, ऐसे किसी भी खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जिसमें निपटान या पुनर्गठन व्यवस्था का उपयोग किया गया है। जब तक ब्याज और मूलधन की संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता, खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता रहेगा। निपटान और पुनर्गठित खाते को अपग्रेड नहीं किया जा

सकता। अंत में, यदि किसी ग्राहक के पास एनपीए के रूप में अंकित किया गया एसबीआई कार्ड का एक भी क्रेडिट कार्ड है, तो ग्राहक के सभी कार्ड एनपीए के रूप में वर्गीकृत किए जाएंगे।

किसी खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकरण से संबंधित उदाहरण:

यदि किसी क्रेडिट कार्ड खाते के भुगतान की देय तिथि ('PDD') 31 मार्च 2021 है और ग्राहक द्वारा विवरण में वर्णित न्यूनतम देय राशि ('MAD') का भुगतान PDD से 90 दिन के भीतर अर्थात 29 जून 2021 तक नहीं किया गया है, तो ऋणदाता द्वारा क्रेडिट कार्ड खाते को एनपीए माना जाएगा।

कार्डधारक का खाता एनपीए हो जाने पर, कार्डधारक द्वारा ली गई ईएमआई सुविधाओं/सेवाओं का प्रबंधन:

स्टेटमेंट जनरेट होने के एक दिन बाद, जब खाता एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो खाते पर उपलब्ध सभी ईएमआई योजनाएँ (हार्डशिप योजनाओं को छोड़कर) बंद कर दी जाएंगी। ईएमआई योजनाओं की बकाया मूलधन राशि और उस पर अब तक जुड़ा हुआ ब्याज क्रेडिट कार्ड खाते में डेबिट कर दिया जाएगा और यह अगली मासिक स्टेटमेंट में दिखाई देगा। एसबीआई कार्ड इस संचित बकाया राशि का तुरंत भुगतान मांग सकता है। यह राशि क्रेडिट कार्ड खाते का हिस्सा होगी और इस पर सभी लागू शुल्क (जिसमें एमआईटीसी में निर्धारित वित्त प्रभार भी शामिल है) लगेंगे।

उदाहरण:

ईएमआई बुकिंग राशि (रुपए)	7926
अवधि (महीने)	9
ईएमआई (रुपए)	941.36
बिलिंग तिथि:	हर महीने की 10 तारीख

स्टेटमेंट	मूल बकाया	ईएमआई में ब्याज	अप्रदत्त ब्याज राशि	ईएमआई प्लान बैलेंस	प्रति माह ईएमआई	न्यूनतम देय राशि में ईएमआई राशि	कुल देय राशि में ईएमआई राशि	भुगतान की गई ईएमआई राशि
स्टेटमेंट 1	7926	107.33		8033.33	941.36	941.36	941.36	941.36
स्टेटमेंट 2	7091.97	96.04		7188.01	941.36	941.36	941.36	941.36
स्टेटमेंट 3	6246.65	84.59	84.59	6331.24	941.36	941.36	941.36	0
स्टेटमेंट 4	6246.65	72.99	157.58	6404.23	941.36	1882.72	1882.72	0
स्टेटमेंट 5	6246.65	61.23	218.81	6465.46	941.36	2824.08	2824.08	0
स्टेटमेंट 6	6246.65	49.31	268.12	6514.77	941.36	3765.44	3765.44	0
स्टेटमेंट 7	6246.65	37.23	305.35	6552	941.36	4706.8	4706.8	0

विवरण 6 की भुगतान देय तिथि (पीडीडी) पर, खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। विवरण 7 के एक दिन बाद, ईएमआई सेवा बंद हो जाती है और ₹ 6246.65 की ईएमआई सेवा पर शेष मूल बकाया और ₹ 305.35 का बिना बिल किया हुआ ब्याज अगले मासिक विवरण में दिखाई देगा।

ठ) टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के सामंजस्य और अधिकृत भुगतान प्रणालियों का उपयोग करते हुए असफल लेन-देन के लिए ग्राहक मुआवज़े पर आरबीआई के 20 सितंबर 2019 के परिपत्र के अनुपालन में, यदि एसबीआई कार्ड एक निर्धारित समय सीमा के भीतर असफल लेन-देन के कारण डेबिट की गई राशि को वापस नहीं करता है तो ऐसे मामलों में ग्राहक को, उपरोक्त परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार, असफल लेन-देन पर कार्ड नेटवर्क से प्राप्त ऐसी किसी भी पुष्टि/सूचना के आधार पर मुआवज़े का भुगतान किया जाएगा।

4. *चूक

चूक की स्थिति में, कार्डधारक को कार्ड खाते में किसी भी बकाया राशि के निपटान के लिए समय-समय पर डाक, फैक्स, टेलीफ़ोन, ईमेल, एसएमएस संदेश द्वारा रिमाइंडर भेजे जाएंगे और/या उनसे संपर्क करने और देय राशि एकत्र करने के लिए तृतीय पक्ष को शामिल किया जाएगा। इस प्रकार नियुक्त किसी भी तृतीय पक्ष को, ऋण वसूली संबंधी आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करना होगा।

क्रेडिट कार्डधारक की डिफ़ॉल्ट स्टेटस रिपोर्ट किसी क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी, जिसने आरबीआई से पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया है और जिसका एसबीआईसीपीएसएल

सदस्य है, से साझा करने से पहले हम कार्डधारक को इस बारे में सूचित करेंगे। भुगतान की देय तिथि तक न्यूनतम देय राशि का भी भुगतान न होने की स्थिति में, कार्ड अकाउंट की डिफ़ॉल्ट स्टेटस रिपोर्ट क्रेडिट इन्फॉर्मेशन ब्यूरो/एजेंसियों के साथ साझा कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है, कि यदि कार्ड धारक, चूककर्ता के रूप में घोषित होने के बाद अपना बकाया ख़त्म करता हैं. तो एसबीआईसीपीएसएल क्रेडिट सूचना कंपनी से डिफॉल्टर की स्थिति को वापिस ले लेगी। इस तरह के बदलावों को उपभोक्ता की क्रेडिट रिपोर्ट में दिखने में 45-60 दिन का समय लगेगा।

सरकारी क्रेडिट कार्ड की सुविधाओं को संचालित करने वाले नियम और शर्तों के अतिरिक्त/एड ऑन कार्डधारक पर भी लागू होंगे।

एसबीआईसीपीएसएल निर्धारित प्रारूप में कार्डधारक के डेटा को पाक्षिक आधार पर क्रेडिट सूचना कंपनी को सबमिट करता है।

प्राथमिक कार्डधारक के दिवालियापन या मृत्यु होने पर, कार्ड खाते की कुल बकाया राशि, किसी भी प्रभावी लेकिन अभी तक कार्ड खाते में नहीं लगाए गए प्रभार सहित एसबीआईसीपीएसएल को तुरंत देय और पूर्णतः भुगतान योग्य हो जाएगी और कार्ड खाता तुरंत रद्द हो जाएगा। कार्ड खाते की किसी भी बकाया राशि की वसूली प्राथमिक कार्डधारक की संपत्ति से की जाएगी और एसबीआईसीपीएसएल को हर हालत में क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी, जिसमें वैधानिक शुल्क और इस तरह के बकाया वसूली में किए गए अन्य खर्च भी शामिल होंगे। इस तरह के भुगतान लंबित रहने पर, एसबीआईसीपीएसएल इसकी प्रचलित दरों पर वित्तीय प्रभार लगाते रहने का हकदार होगा।

5. कार्डधारिता समाप्ति/निरसन

क) कार्डधारक एसबीआईसीपीएसएल को लिखकर, एसबीआई कार्ड या हेल्पलाइन पर फोन लगाकर और कार्ड को तिरछा काट कर किसी भी समय इस करार को खत्म कर सकता है। सभी कार्ड, ऐड-ऑन कार्ड सहित, लिखित अनुरोध के आधार पर समाप्त हो जाएंगे। स्वैच्छिक रूप से कार्ड बंद करते समय यदि कार्डधारक का रिवॉर्ड पॉइंट बैलेंस नेगेटिव होगा, तो इस नेगेटिव रिवॉर्ड प्वॉइंट्स बैलेंस को बराबर मूल्य की राशि में बदल दिया जायेगा। यह राशि विवरण में देय राशि के रूप में दिखाई जाएगी और कार्डधारक द्वारा अन्य देय राशि के साथ-साथ इस राशि का भुगतान किया जाना भी आवश्यक होगा। यह समाप्ति कार्ड खाते में बकाया समस्त राशि के भुगतान के बाद प्रभावी हो जाएगी। कोई वार्षिक, शामिल होने या नवीकरण शुल्क समानुपातिक आधार पर वापस नहीं किया

जाएगा।

उदाहरण के लिए -स्वैच्छिक रूप से कार्ड बंद करने के समय नेगेटिव रिवॉर्ड पॉइंट बैलेंस: -1000

स्वैच्छिक रूप से कार्ड बंद करते समय, -1000 नेगेटिव रिवॉर्ड प्वॉइंट्स को ₹250 में बदल कर देय राशि के रूप में विवरण में दिखाया जायेगा, यानी 1000 नेगेटिव रिवॉर्ड प्वॉइंट्स X ₹0.25 प्रति रिवॉर्ड प्वॉइंट (यह रूपांतरण मूल्य अलग-अलग कार्ड्स के लिए अलग हो सकता है)। इस राशि को कार्डधारक के अकाउंट में चार्ज किया जाएगा और कार्डधारक द्वारा किसी भी अन्य देय राशि के साथ इसका भुगतान किया जाना आवश्यक होगा।

कार्डधारक अपना कार्ड अकाउंट बंद कराने के लिए इस ईमेल आईडी पर हमसे संपर्क कर सकते हैं - closurerequest@sbicard.com.

ख) एसबीआईसीपीएसएल किसी भी समय पूर्व सूचना के बिना कार्डधारक खाते के उपयोग को सीमित, निलंबित या समाप्त भी कर सकता है यदि एसबीआईसीपीएसएल इसे यथोचित रूप से व्यापार या सुरक्षा कारणों के लिए और/या किसी भी कानून प्रवर्तन एजेंसी के अनुरोध पर और/या किसी भी सरकारी अधिकारी और/या एसबीआईसीपीएसएल और इसके ग्राहकों के लिए लागू कानूनों और नियमों के तहत आवश्यक मानता हो।

यदि कार्डधारक भुगतान में चूक करता है या विस्तारित क्रेडिट लिमिट पार कर लेता है, तो एसबीआईसीपीएसएल क्रेडिट कार्ड की सुविधा निलंबित कर सकता है। कार्ड समझौता समाप्त होने के बाद या कार्ड खाते के उपयोग के निलंबन की स्थिति में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

ग) ऐसी स्थिति में, कार्डधारक को (कोई चूक या वैधानिक रूप से अपेक्षित अन्य सूचना के अधीन) तत्काल एसबीआईसीपीएसएल खाते की कुल बकाया राशि का भुगतान करना होगा। इसमें करार के अंतर्गत एसबीआईसीपीएसएल को देय समस्त राशि, सभी लेन-देन और अभी तक खाते में नहीं लगाए गए प्रभार की अन्य राशि भी शामिल होगी। कार्डधारक के खाते को तब तक बंद नहीं माना जाएगा, जब तक कि कार्डधारक ऐसे सभी बकाया राशि का भुगतान नहीं करता है।

घ) यदि क्रेडिट कार्ड का एक वर्ष से अधिक समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो कार्डधारक

को सूचित करने के बाद कार्ड बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यदि 30 दिनों के भीतर कार्डधारक से कोई जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो कार्ड खाता बंद कर दिया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डधारक द्वारा सभी देय राशि के भुगतान के अधीन है।

6. कार्ड की क्षति/चोरी/दुरुपयोग

क) यदि आपका प्राथमिक या कोई भी अतिरिक्त क्रेडिट कार्ड को आप खोज नहीं पा रहे हैं या खो गया है, चोरी हो गया है, ख़राब हो गया है, नियत तारीख तक नहीं मिला है या क्रेडिट कार्डधारक को संदेह है कि उसकी अनुमति के बिना इसका इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कार्डधारक को तत्काल एसबीआई कार्ड हेल्पलाइन पर एसबीआईसीपीएसएल से संपर्क करना चाहिए। एक बार कार्ड खोने की सूचना देने के बाद, इसके मिल जाने पर, कार्ड धारक द्वारा किसी भी परिस्थिति में इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और कार्डधारक द्वारा कार्ड को तिरछा रखकर दो भाग में काट देना चाहिए।

- कार्डधारक या तो आईवीआर या हमारी वेबसाइट www.sbicard.com पर या एसएमएस आधारित सेवा के माध्यम से तुरंत कार्ड को ब्लॉक भी कर सकते हैं।
- एसएमएस के माध्यम से अपना खोए/चोरी हुए कार्ड को ब्लॉक करने के लिए, सिर्फ BLOCK XXXX लिखकर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 5676791 पर एसएमएस करना होगा। (XXXX = आपके कार्ड के अंतिम 4 नंबर)। यदि आपको अपने अनुरोध के 5 मिनट के भीतर एक पुष्टिकरण एसएमएस प्राप्त नहीं होता है, तो कृपया यह ना मानें कि आपके कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है। अपने कार्ड को ब्लॉक कराने और किसी भी दुरुपयोग से बचने के लिए तुरंत हेल्पलाइन को फ़ोन करें।

  कार्ड खोने या चोरी होने या किसी अनधिकृत लेन-देन की सूचना देने के लिए कार्डधारक इस हेल्पलाइन नंबर पर हमसे संपर्क कर सकते हैं - 18605003000

  कार्ड खोने की सूचना देने के लिए कार्डधारक इस ईमेल आईडी पर हमसे संपर्क कर सकते हैं - lostcard@sbicard.com.

ख) एसबीआईसीपीएसएल कार्ड के खो जाने की रिपोर्टिंग से पहले कार्ड खाते में किए गए किसी भी लेन-देन के लिए उत्तरदायी या ज़िम्मेदार नहीं होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी कार्डधारक की स्वयं होगी। कार्ड की हानि या चोरी के बारे में एसबीआईसीपीएसएल को

सूचित करने के अलावा, कार्डधारक को क्रेडिट कार्ड की किसी भी चोरी की रिपोर्ट पुलिस से करनी होगी और प्राथिमिकी दर्ज करानी होगी। तथापि, यदि कार्ड किसी को मिल जाता है और वह धारक की सहमति से या एक अतिरिक्त कार्डधारक की सहमति से कार्ड या पिन का दुरुपयोग करता है तो इस तरह के सभी नुकसान के लिए कार्डधारक स्वयं जिम्मेदार होगा।

ग) ग्राहक सुरक्षा - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना संबंधी दिनांक 06 जुलाई 2017 की भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश के अनुसार, एक पॉलिसी को अनधिकृत क्रेडिट कार्ड लेन-देन से संबंधित ग्राहक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। "ग्राहक शिकायत निवारण नीति" के तहत एसबीआई कार्ड की वेबसाइट पर इसे अपडेट किया गया है। नीति ग्राहकों के हित में पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर आधारित है।

घ) यदि कार्डधारक ने धोखे का काम किया है, तो सभी नुकसानों के लिए कार्डधारक स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कार्डधारक उचित सावधानी के बिना कार्य करता है, तो सभी नुकसान के लिए कार्डधारक जिम्मेदार होगा। यदि कार्डधारक एसबीआईसीपीएसएल द्वारा निर्दिष्ट सुरक्षा उपायों का पालन करने में भी विफल रहता है, तो भी सभी नुकसान के लिए कार्डधारक स्वयं जिम्मेदार होगा।

ङ) एसबीआईसीपीएसएल कार्डधारक या किसी भी अतिरिक्त कार्डधारक से चर्चा किए बिना एसबीआईसीपीएसएल कार्ड या पिन के नुकसान, चोरी या दुरुपयोग के बारे में प्रासंगिक कोई भी जानकारी पुलिस या अन्य संबंधित अधिकारियों को दे सकता है।

च) संपर्क विवरण में या अपने क्रेडिट कार्ड के खाते से जुड़े मोबाइल नंबर में परिवर्तन की सूचना प्रणाली में उपलब्ध आपके पहले एवं नए संपर्क विवरण पर दी जाएगी। आपको हमारे रिकॉर्ड में अपना मौजूदा संपर्क विवरण और मोबाइल नंबर अपडेट रखने की सलाह दी जाती है।

छ) “एसबीआई कार्ड गुम/चोरी हुए कुछ कार्ड पर अतिरिक्त बीमा कवर देती है। यह बीमा

आईसीआईसीआई लोम्बारड जनरल बीमा कंपनी लिमिटेड या एसबीआई कार्ड द्वारा समय-समय पर तय की गई कंपनी लिमिटेड द्वारा दिया जाता है। आईसीआईसीआई लोम्बारड जनरल बीमा कंपनी इस मामले में किसी भी क्लेम अदायगी के लिए जिम्मेदार है और एसबीआई कार्ड क्लेम अदायगी से उत्पन्न किसी भी वाद-विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। बीमा के नियम और शर्तों की अधिक जानकारी के लिए, कार्डधारकों को स्वागत किट में ब्रोशर देखने की सलाह दी जाती है या वे www.sbicard.com पर विजिट कर सकते हैं।

(ज) एसबीआई कार्ड कुछ विशेष क्रेडिट कार्ड्स पर कॉम्प्लिमेंटरी वायु दुर्घटना/व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा एक तृतीय-पक्ष बीमा कंपनी द्वारा उपलब्ध करायी जाती है और इस संबंध में किसी भी दावे के निपटाने की ज़िम्मेदार भी इसी कंपनी की होती है। एसबीआई कार्ड किसी भी दावे के निपटान को लेकर उत्पन्न होने वाले विवाद के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। एसबीआई कार्ड बीमा उपलब्ध कराने वाली कंपनी को बिना किसी पूर्व सूचना के बदल सकता है।

वर्तमान बीमा कंपनी: ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

7. प्रकटीकरण

क्रेडिट सूचना कंपनी भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संचालित एक उपक्रम है। यह आरबीआई द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए प्रभावशाली प्रक्रिया प्रदान करने के प्रयासों के अनुरूप है, जिससे कार्डधारक विभिन्न संस्थाओं से बेहतर क्रेडिट संबंध प्राप्त करने योग्य बनते हैं।

कार्डधारक यह स्वीकार करता है कि एसबीआईसीपीएसएल कार्डधारक की जानकारी एक क्रेडिट सूचना कंपनी (जिसने आरबीआई से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ले रखा हो) से साझा कर सकता है।

एसबीआईसीपीएसएल एक क्रेडिट सूचना कंपनी को 45-60 दिनों की अवधि के अंदर कार्डधारक को वापिस करने संबंधी रिकार्ड की जानकारी देगा।

किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में, एसबीआईसीपीएसएल कार्डधारक को बकायेदार रिपोर्ट करने से पहले रिपोर्टिंग प्रक्रिया में जरूरी बदलाव करेगा। हालांकि, यह भी उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की जानकारी जांचने के लिए उपलब्ध हो ताकि खुलासा समय की सीमा

में हो सके और उत्पन्न विवादों का समाधान हो पाए।

कार्डधारक यह भी स्वीकार करता है कि कार्ड खातों के समुचित संचालन, सत्यापन और अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए एसबीआईसीपीएसएल को वित्तीय संस्थान, नियोक्ता और एसबीआईसीपीएसएल से जुड़े हुए अन्य तृतीय पक्षों के भुगतान में चूक सहित, कार्डधारक की अन्य जानकारी साझा करने का अधिकार है।

एसबीआईसीपीएसएल विपणन के प्रयोजनों के लिए और एसबीआईसीपीएसएल के या अपने समूह की कंपनियों, सहायक, सहयोगियों और/या सहभागियों विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की पेशकश के लिए किसी भी पेरेंट, सहायक, सहयोगी या एसबीआईसीपीएसएल या इसकी सहयोगी कंपनी के साथ कार्डधारक की जानकारी साझा कर सकता है।

एसबीआई कार्ड के सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें www.sbicard.com पर भी उपलब्ध हैं।

जरूरी नियामक सूचना

- भारत तथा विदेश दोनों जगह कार्ड इस्तेमाल के लिए वैध है। हालांकि, यह नेपाल तथा भूटान में विदेशी मुद्रा लेन-देन के लिए वैध नहीं है।
- भारत के बाहर लेन-देन करने के लिए कार्ड का उपयोग, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 ("एफईएमए") और इसके अंतर्गत आरबीआई द्वारा जारी किए गए नियमों और लागू कानून के अनुपालन में किया जाना चाहिए। इंटरनेट ट्रेडिंग पोर्टलों के द्वारा विदेशी मुद्रा लेन-देन की मंजूरी नहीं है। किसी भी स्थिति में नियम तोड़ने या ना मानने पर आप दंडात्मक कार्यवाही के लिए जिम्मेदारी है। आप अपने प्राधिकृत डीलर (एडी) से अपने विदेशी लेन-देन अधिकारों के बारे में पूछ सकते हैं।
- अगर आपके क्रेडिट कार्ड खाते में कोई भी क्रेडिट देय राशि है, एसबीआई का यह दायित्व है कि वह इस क्रेडिट देय राशि को आपको वापिस करे।
- कृपया क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल विदेशी संस्थाओं में निवेश या विदेशों में संस्थाओं की स्थापना जैसे कैपिटल अकाउंट लेन-देन के लिए न करें क्योंकि यह आरबीआई के मास्टर निर्देश - विदेशों में साझेदार कंपनियों/पूर्ण स्वामित्व वाली अतिरिक्त इकाईयों में सीधे निवेश के अंतर्गत निवेश करने का उचित तरीका नहीं है।

- आरबीआई के मास्टर सर्कुलर के अनुसार - भारत के नागरिकों की सुविधा के लिए भारत से विभिन्न तरीके के भुगतानों पर मास्टर सर्कुलर अवैध चीज़ों की खरीदारी जैसे लॉटरी टिकट, अवैध मैगजींस, जुए में भागीदारी, कॉल बैक सेवाओं के लिए भुगतान आदि के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल पूर्णतया वर्जित है क्योंकि इन चीज़ों के लिए विदेशी मुद्रा निकालने की कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई है। कृपया भारत के नागरिकों की सुविधा के लिए भारत के विभिन्न तरीके के भुगतानों पर ज्यादा जानकारी के लिए मास्टर सर्कुलर पढ़ें।

तालिका (क): कृषक उन्नति एसबीआई कार्ड

- कृपया ध्यान दें कि नीचे बताए गए शुल्क कृषक उन्नति एसबीआई कार्ड पर लागू नहीं होते हैं: नकद अग्रिम शुल्क (नकद राशि की कोई सीमा नियत नहीं), फ़ोरेक्स मार्कअप (अंतरराष्ट्रीय उपयोग की अनुमति नहीं), नकद भुगतान शुल्क, वित्तीय शुल्क, विलंब से भुगतान का शुल्क, भुगतान अनादरित हो जाने का शुल्क, कार्ड बदलने का शुल्क, चेक भुगतान शुल्क, चेक पिकअप करने का शुल्क, विवरण प्राप्त करने का शुल्क, ओवरलिमिट शुल्क, रिवार्ड रिडीम करने का शुल्क. अधिभार और दूसरे शुल्क (लागू करों सहित) लागू होंगे।
- यह कार्ड, कार्डधारक को परिक्रामी क्रेडिट की सुविधा नहीं देता है। कार्डधारक को विवरण पर मुद्रित कुल देय राशि का भुगतान करना होगा।

तालिका (ख): सिम्पलीसेव मर्चेंट एसबीआई कार्ड

- सिम्पलीसेव मर्चेंट एसबीआई कार्ड एक चार्ज कार्ड है।
- यह कार्ड कार्डधारक को रिवॉल्विंग क्रेडिट की सुविधा प्रदान नहीं करता है। कार्डधारक को स्टेटमेंट पर उल्लिखित कुल देय राशि का भुगतान करना होता है।
- केवल सिम्पलीसेव मर्चेंट एसबीआई कार्ड के मामले में, कुल देय राशि (TAD) को न्यूनतम देय राशि (MAD) के बराबर माना जाएगा।

8. *प्रभारों की अनुसूची

शुल्क	
वार्षिक शुल्क (एक बार) नवीकरण शुल्क (प्रतिवर्ष) अतिरिक्त शुल्क (प्रतिवर्ष)	₹0 - ₹9,999 ₹0 - ₹9,999 शून्य
विस्तारित क्रेडिट	
ब्याज मुक्त ऋण की अवधि	20-50 दिन (केवल खुदरा खरीद पर और यदि पिछले महीने की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान किया जाता है)
वित्तीय शुल्क	अनसिक्योर्ड कार्ड्स के लिए 3.75% प्रति माह (45% प्रति वर्ष); शौर्य, डिफ़ेंस और सिक्योर्ड कार्ड के लिए 2.75% प्रति माह (33% प्रति वर्ष)
न्यूनतम वित्त शुल्क	₹25
न्यूनतम देय राशि	न्यूनतम देय राशि - कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + 100% शुल्क/प्रभार + 5% [वित्त प्रभार (यदि कोई हो), खुदरा व्यय और नकद अग्रिम (यदि कोई हो)] + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो) यदि (वित्त प्रभार + खुदरा व्यय + नकद अग्रिम) का 5% वित्त प्रभार से कम है तो न्यूनतम देय राशि की गणना इस प्रकार की जाएगी: कुल जीएसटी + ईएमआई राशि + शुल्क / प्रभार का 100% + वित्त प्रभार का 100% + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो) 15 जुलाई 2025 से, न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना इस प्रकार से होगी: जीएसटी का 100% + ईएमआई राशि का 100% + शुल्क/चार्ज का 100% + फाइनेंस चार्ज का 100% + ओवरलिमिट राशि (यदि कोई हो) + बकाया शेष राशि का 2%.
अग्रिम नकदी	
कैश एडवांस	नकद अग्रिम सीमा कुल क्रेडिट सीमा का एक हिस्सा है। नकद अग्रिम सीमा मासिक कार्ड स्टेटमेंट में दर्शाई जाती है।

	एमसीसी - 6011 (एटीएम निकासी) पर अधिकतम नकद निकासी सीमा रु. 15,000 प्रतिदिन है, जो नकद अग्रिम सीमा उपलब्धता के अधीन है। एमसीसी - 6010 ("ओवर-द-काउंटर" नकद वितरण) के लिए नकद अग्रिम उपलब्ध नहीं है।
निःशुल्क क्रेडिट अवधि	शून्य
वित्तीय शुल्क	अनसिक्योर्ड कार्ड्स के लिए 3.50% प्रति माह (42% प्रति वर्ष); शौर्य, डिफ़ेंस और सिक्योर्ड कार्ड के लिए 2.75% प्रति माह (33% प्रति वर्ष) ऊपर दिए गए प्रभार नकद निकासी की तारीख से लागू होंगे।
न्यूनतम वित्त शुल्क	₹25
अग्रिम नकदी शुल्क	
एसबीआई एटीएम/अन्य घरेलू एटीएम	लेन-देन राशि का 2.5% (न्यूनतम ₹500 के अधीन)
अंतरराष्ट्रीय एटीएम	लेन-देन राशि का 2.5% (न्यूनतम ₹500 के अधीन)
अन्य प्रभार एवं शुल्क	
नकद भुगतान शुल्क	₹250
अस्वीकृत भुगतान शुल्क	भुगतान राशि का 2% (न्यूनतम ₹500 के अधीन)
चेक भुगतान शुल्क	₹100
विलंबित भुगतान शुल्क	**₹ 0 से ₹ 500 तक की बकाया देय राशि के लिए शून्य** **₹500 से अधिक और ₹1,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹400;** **₹1,000 से अधिक और ₹10,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹750;** **₹10,000 से अधिक और ₹25,000 तक की बकाया देय**

	राशि के लिए ₹950 **₹25,000 से अधिक और ₹50,000 तक की बकाया देय राशि के लिए ₹1,100** **₹50,000 से अधिक तक की बकाया देय राशि के लिए ₹1,300**
अतिरिक्त विलंब भुगतान शुल्क	**₹100**
ओवरलिमिट शुल्क	ओवरलिमिट राशि का 2.5% (न्यूनतम ₹600)। लेन-देन रिवर्सल/रद्दीकरण/रिफंड के मामले में ओवरलिमिट शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
कार्ड प्रतिस्थापन	₹100 से ₹250 (ऑरम के लिए ₹1500)
आपातकालीन कार्ड प्रतिस्थापन (जब विदेश में हों)	वास्तविक लागत (वीज़ा के लिए न्यूनतम $175 और मास्टरकार्ड के लिए $148)
विदेशी मुद्रा ट्रांज़ेक्शन शुल्क	3.5% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट/माइल्स प्राइम/माइल्स को छोड़कर सभी कार्डों के लिए), एसबीआई कार्ड माइल्स के लिए 3%, एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम के लिए 2.5% और 1.99% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड और एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट के लिए)।
डायनैमिक करेंसी कन्वर्जन शुल्क	3.5% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड और एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट/माइल्स प्राइम/माइल्स को छोड़कर सभी कार्डों के लिए), एसबीआई कार्ड माइल्स के लिए 3%, एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम के लिए 2.5% और 1.99% (ऑरम, एलीट, प्राइम एनआरआई सिक्योर्ड, टाटा न्यू इन्फ़िनिटी एसबीआई क्रेडिट कार्ड और एसबीआई कार्ड

	माइल्स एलीट के लिए)।
रिवॉर्ड रिडेम्पशन शुल्क	₹99. भौतिक उत्पादों, स्टेटमेंट क्रेडिट और उन वाउचर्स पर लागू जो किसी उत्पाद की नियम एवं शर्तों के अनुसार भौतिक रूप से भेजे जाते हैं। (ऑरम को छोड़कर सभी कार्ड्स पर लागू)
किराए के भुगतान से जुड़े सभी लेन-देन पर प्रोसेसिंग शुल्क**	₹199. लेन-देन रिवर्सल/रद्दीकरण/रिफंड के मामले में प्रोसेसिंग शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
प्राथमिकता पास लाउंज शुल्क	प्रायोरिटी पास प्रोग्राम के माध्यम से भारत के भीतर सभी एयरपोर्ट लाउंज विजिट्स पर $27 तक का उपयोग शुल्क प्रति विज़िट + लागू कर लिया जाएगा। कॉम्प्लीमेंटरी विजिट्स पूरी हो जाने के बाद, प्रायोरिटी पास प्रोग्राम के माध्यम से भारत के बाहर सभी एयरपोर्ट लाउंज विजिट्स पर $27 तक का उपयोग शुल्क प्रति विज़िट + लागू कर लिया जाएगा।
रियायत अवधि	
रियायत अवधि	वह क्रेडिट कार्ड खाते जिन पर भुगतान पिछले बिलिंग चक्र से अतिदेय न हो, उन पर भुगतान की देय तिथि के बाद 3 दिनों की रियायत अवधि मिलती है। क्रेडिट कार्ड विवरण पर उल्लिखित भुगतान देय तिथि वह तिथि है जिस पर बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कार्ड खाते में क्रेडिट हो जाना चाहिए। हालांकि, भुगतान प्रोसेसिंग में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए, 3 दिन की रियायत प्रदान की जाती है।

अधिभार	
रेलवे टिकट - www.irctc.co.in	आईआरसीटीसी / भारतीय रेलवे के निर्देशनुसार
पेट्रोल व पेट्रोल पंप पर बेची गई अन्य उत्पाद/सेवाएं	लेन-देन की राशि का 1% + सभी लागू कर फ्यूल सरचार्ज मर्चेंट को टर्मिनल प्रदान करने वाले अधिग्रहणकर्ता बैंक द्वारा लिया जाता है। चार्जस्लिप पर मौजूद लेन-देन राशि क्रेडिट कार्ड विवरण से भिन्न होगी क्योंकि लेन-देन राशि पर अधिग्रहणकर्ता बैंक द्वारा सरचार्ज एवं जीएसटी लगाया जाता है। चुनिंदा कार्ड्स के लिए पात्र लेन-देन राशि पर 1% फ्यूल सरचार्ज छूट (जीएसटी छोड़कर) प्रदान की जाएगी। फ्यूल सरचार्ज छूट की नियम एवं शर्तें भिन्न हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने क्रेडिट कार्ड की नियम एवं शर्तें देखें।
सीमा शुल्क का भुगतान	लेन-देन राशि का 2.25% (न्यूनतम ₹75 के अधीन)

उपरोक्त समस्त शुल्क, ब्याज और प्रभारों पर लागू सभी कर लगाए जाएंगे।
"लागू कर" (1 जुलाई 2017 या उसके बाद जारी की गई विवरण पर) अर्थात:

- कार्ड उपभोक्ता जिनका एसबीआई कार्ड के रिकॉर्ड में विवरण की तारीख पर निवास स्थान "हरियाणा" है- केंद्रीय कर @9% और राज्य कर @9% की दर से देय होगा।
- कार्ड उपभोक्ता जिनका एसबीआई कार्ड के रिकॉर्ड में विवरण की तारीख पर निवास स्थान "हरियाणा" नहीं है- एकीकृत कर @18% के हिसाब से देय होगा।

कार्डधारक की बकाया राशि के लिए प्राप्त भुगतान को निम्नलिखित क्रम में समायोजित

किया जाएगा। पहले 100% जीएसटी, फिर 100% ईएमआई राशि समायोजित होगी। इसके बाद 100% शुल्क/प्रभार, 100% वित्त प्रभार, फिर खुदरा खर्च और अंत में नकद अग्रिम का समायोजन किया जाएगा।

15 जुलाई 2025 से, कार्डधारक के बकाया के संबंध में प्राप्त भुगतान को जीएसटी के 100%, ईएमआई राशि का 100%, शुल्क/चार्ज का 100%, फाइनेंस चार्ज का 100%, बैलेंस ट्रांसफर, खुदरा खर्च और कैश एडवांस के संबंध में उसी क्रम में समायोजित किया जाएगा।

**किसी भी मर्चेंट के माध्यम से किराए के भुगतान के सभी लेन-देन पर प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में ₹199 + लागू कर लिया जाएगा। मर्चेंट श्रेणी कोड (MCC) 6513 के अंतर्गत आने वाले सभी लेन-देन को किराये के भुगतान का लेन-देन माना जाएगा।

आरबीआई केवाईसी दिशानिर्देशों के अनुसार और यह सुनिश्चित करने के लिए कि ग्राहक समुचित सावधानी प्रक्रिया के तहत एकत्र किए गए दस्तावेज़, डेटा या जानकारी अद्यतित है, कार्डधारक को - एसबीआई कार्ड द्वारा समय समय पर सूचित किये जाने पर - एक निश्चित अवधि पर अपने केवाईसी रिकॉर्ड का आवधिक अद्यतनीकरण करना होगा। कंपनी की आंतरिक नीति के अनुसार, आवधिक अद्यतनीकरण प्रक्रिया के दौरान केवाईसी दस्तावेज़ प्रदान करने में असफल होने पर क्रेडिट कार्ड खाते को अस्थायी रूप से निलंबित/ब्लॉक किया जा सकता है। अस्थायी रूप से निलंबित किए गए कार्ड पर निष्क्रिय अवधि के दौरान वार्षिक शुल्क नहीं लगाया जाएगा। आवधिक अद्यतनीकरण प्रक्रिया पूरी होने पर कार्ड खाता सक्रिय हो जाने के बाद वार्षिक शुल्क लगाया जाएगा।

कार्ड के निरंतर उपयोग को इन संशोधनों की स्वीकृति के तौर पर लिया जाएगा।
एसबीआई कार्ड हेल्पलाइन
39 02 02 02 (पहले स्थानीय एसटीडी कोड लगाएँ),
1860 180 1290/1860 500 1290

10 जुलाई 2025 के अनुसार इस पत्र की सभी जानकारी सही हैं और एसबीआईसीपीएसएल के विवेक पर परिवर्तन के अध्यधीन है। एसबीआई कार्ड के सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें www.sbicard.com पर भी उपलब्ध हैं।

एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेस लि.
पी.ओ. बैग सं. 28, नई दिल्ली- 110 001
कृपया हमारी वेबसाइट www.sbicard.com पर विज़िट करें।

हमें अच्छे से जानें

फ़ोन द्वारा

अधिक जानकारी के लिए
1860 180 1290
39 02 02 02 (शुरू में स्थानीय एसटीडी कोड लगाएं)
पर कॉल करें
कृपया अपना कार्ड अपने पास रखें

ईमेल द्वारा

अपने कार्ड खाते से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए
हमें यहां लिखें: customercare@sbicard.com

पत्र के द्वारा

हमें SBICPSL, पोस्ट बैग नंबर 28,
जीपीओ, नई दिल्ली - 110001 पर लिखें

वेब द्वारा

sbicard.com पर लॉग ऑन करें

Ver: FY 26, 6.1